# पाठ - 24
# आस्ट्रेलिया महाद्वीप का आर्थिक विकास

**आइए जानें–**

- आस्ट्रेलिया महाद्वीप में कृषि एवं पशुपालन कैसे होता है?
- आस्ट्रेलिया महाद्वीप में खनिज एवं ऊर्जा के संसाधन कौन-कौन से हैं?
- आस्ट्रेलिया महाद्वीप के प्रमुख उद्योग धंधे कौन-कौन से हैं?
- आस्ट्रेलिया महाद्वीप में यातायात एवं जनसंख्या का वितरण प्रारूप कैसा है?
- आस्ट्रेलिया महाद्वीप के नगर, बन्दरगाह कौन-कौन से हैं?

आस्ट्रेलिया महाद्वीप में विशाल मरूस्थल और विस्तृत पठार पाये जाते हैं। यह एक साधन सम्पन्न महाद्वीप हैं। इस महाद्वीप के अधिकांश भाग में वर्षा बहुत कम होती। यहाँ वन, वन्यप्राणी अनेक प्रकार के हैं और खनिज संपदा बहुत है। आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों से यहाँ के संसाधनों का अच्छा उपयोग किया गया है। आस्ट्रेलिया महाद्वीप आज संसार के प्रमुख औद्योगिक देशों में गिना जाता है।


## कृषि एवं पशुपालन

आस्ट्रेलिया का अधिकांश भाग वर्षा के अभाव में सूखा रहता है। इस कारण केवल 4 प्रतिशत भू-भाग पर खेती होती है। अधिकतर खेती दक्षिणी-पश्चिमी, दक्षिणी-पूर्वी तथा पूर्वी तटीय मैदानी भागों में होती है। इन भागों में पर्याप्त वर्षा होती है। जहाँ वर्षा नहीं होती, वहाँ सिंचाई द्वारा खेती की जाती है।

भारत की तरह आस्ट्रेलिया भी कृषि प्रधान महाद्वीप है। गेहूँ यहाँ की मुख्य फसल है। यहाँ बहुत बड़े-बड़े कृषि फार्म हैं। खेती का सारा काम मशीनों द्वारा होता है। आस्ट्रेलिया महाद्वीप में गेहूँ शीतकाल में होता है। गेहूँ के मुख्य उत्पादक क्षेत्र डाउन्स के मैदान, तटीय पश्चिमी-दक्षिण आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड का केंटरबरी मैदान हैं। यहाँ गेहूँ की फसल के अनुकूल उपजाऊ मिट्टी, शीतोष्ण जलवायु और साधारण वर्षा होती है। यहाँ से गेहूँ बड़ी मात्रा में निर्यात किया जाता है। गेहूँ के अतिरिक्त जौ, जई, मक्का भी पैदा किए जाते हैं। गन्ना, तम्बाकू तथा कपास क्वीन्सलैंड में पैदा होता है।

आस्ट्रेलिया महाद्वीप में फलों की खेती बहुतायात से होती है। महाद्वीप के उत्तर के ऊष्ण कटिबंधीय भाग में अनानास, केला, पपीता खूब होते हैं। दक्षिण में भूमध्य-सागरीय जलवायु वाले प्रदेश में सेब, नाशपाती, नींबू, नारंगी, आड़ू और अंगूर की खेती की जाती है। अंगूर से शराब बनाकर निर्यात की जाती है।

आस्ट्रेलिया के शीतोष्ण जलवायु वाले पूर्वी तथा पश्चिमी क्षेत्रों में पशुपालन किया जाता है। यह महाद्वीप पशुपालन के लिये विश्व प्रसिद्ध है। पशुओं को आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों से पाला जाता है।




**मानचित्र-21 : ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप : कृषि एवं पशुपालन**

कुछ पशु दूध, मक्खन और पनीर के लिये तो कुछ पशुओं को मांस व ऊन के लिये पाला जाता है। ये पशु क्वीन्सलैण्ड, दक्षिणी-पूर्वी क्षेत्र, पश्चिमी व पूर्वी क्षेत्रों में पाले जाते हैं। आस्ट्रेलिया महाद्वीप मक्खन और पनीर का बड़ा निर्यातक देश है।

**भेड़पालन-** आस्ट्रेलिया महाद्वीप में भेड़ों को मुख्यत: ऊन के लिए पाला जाता है। कुछ भेड़े मांस के लिए भी पाली जाती हैं। आस्ट्रेलिया में भेड़ों की संख्या संसार में सबसे अधिक है। यहाँ भेड़ों को बड़े-बड़े बाड़ों (फार्म हाऊस) में रखा जाता है, जिसे 'भेडपालन केंद्र' कहते हैं। ये केंद्र कई किलोमीटर क्षेत्र में फैले रहते हैं। यहाँ के मरे-डार्लिंग नदियों के बीच फैला क्षेत्र भेड़पालन के लिए सबसे अधिक उपयुक्त है। न्यूसाऊथवेल्स, विक्टोरिया, क्वीन्सलैण्ड तथा न्यूजीलैण्ड में भेड़े पाली जाती हैं। यहाँ ऊन के लिए सामान्यत: 'मेरीनो' जाति की भेड़ें पाली जाती हैं। इनसे बहुत अच्छे किस्म की ऊन प्राप्त होती है। भेड़पालन केन्द्र पर काम करने वाले मजदूरों को 'जेकारू' कहते हैं। ये भेड़ों को चराने तथा उनकी देखभाल करने का काम करते हैं। आस्ट्रेलिया में भेडों से ऊन उतारने (निकालने) के लिए आधुनिक मशीनों का प्रयोग किया जाता है। भेड़ों से ऊन उतारने के लिए अधिक मात्रा में

कुशल श्रमिकों की जरूरत होती है। ऊन की गांठे बनाकर स्टेशनों तथा बंदरगाहों को भेज दी जाती हैं। आस्ट्रेलिया महाद्वीप संसार का सबसे बड़ा 'ऊन उत्पादक एवं निर्यातक' देश है। न्यूजीलैंड के द्वीपों में भी आस्ट्रेलिया के समान ही दुधारू और मांस तथा ऊन प्रदान करने वाले पशुओं को बड़ी मात्रा में पाला जाता है। वहाँ का आर्थिक आधार ही पशुपालन है। गायें, भेड़ें, सुअर मुख्य पालतू पशु है। इस महाद्वीप में लगभग 18 करोड़ भेड़ें पाली जाती हैं।

- **आस्ट्रेलिया में केवल 4 प्रतिशत भू-भाग पर कृषि होती है।**
- **आस्ट्रेलिया महाद्वीप की मुख्य फसल गेहूँ है।**
- **आस्ट्रेलिया महाद्वीप में फलों की खेती बहुतायात से होती है।**
- **आस्ट्रेलिया महाद्वीप संसार का सबसे बड़ा ऊन निर्यातक देश है।**
- **अच्छे किस्म की ऊन 'मेरीनो' जाति की भेड़ों से प्राप्त होती है।**
- **भेड़पालन केन्द्र पर काम करने वाले मजदूरों को 'जेकारू' कहते हैं।**
- **आस्ट्रेलिया में लगभग 18 करोड़ भेड़ें हैं।**

## खनिज

आस्ट्रेलिया महाद्वीप का अधिकांश भाग पहाड़ी, पठारी एवं मरूस्थलीय है। यह संसार के प्राचीनतम स्थलखंडों में से एक है। आस्ट्रेलिया में लौह अयस्क, बाक्साइट, मैंगनीज और सोने के भंडार हैं। इनके अतिरिक्त चाँदी, यूरेनियम, थोरियम, ताँबा, टिन की भी खदानें हैं। पश्चिमी आस्ट्रेलिया में कालगूर्ली एवं कुलगार्डी सोने की संसार प्रसिद्ध खदानें हैं। क्वीन्सलैण्ड में भी बड़ी खदानें हैं। आस्ट्रेलिया में बाक्साइड अधिक होता है। इसकी बड़ी मात्रा में खपत देश के कारखानों में होती है, अत: निर्यात कम हो पाता है। बाक्साइट से एल्युमीनियम बनाया जाता है। 'ओपल' दूधिया रंग की धातु भी यहाँ पाई जाती है। जिसका उपयोग चूडियाँ तथा अंगूठियाँ बनाने में होता है।


## ऊर्जा के संसाधन

आस्ट्रेलिया महाद्वीप में ऊर्जा के संसाधनों में कोयला, खनिज तेल, तथा प्राकृतिक गैस के भण्डार मुख्य हैं। कोयला न्यूसाऊथवेल्स, क्वीन्सलैंड तथा न्यूजीलैण्ड की खदानों से निकाला जाता है।

पश्चिम तटीय आस्ट्रेलिया और डाउन्स क्षेत्र में खनिज तेल व गैस के भण्डार हैं।

## प्रमुख उद्योग

संसार के प्रमुख औद्योगिक देशों में आस्ट्रेलिया महाद्वीप को सम्मिलित किया जाता है। गत कुछ वर्षों में ही आस्ट्रेलिया महाद्वीप ने औद्योगिक क्षेत्र में जो उन्नति की है उसका मुख्य कारण आधुनिकतम टेक्नालॉजी का प्रयोग करना है। यहाँ के आर्थिक विकास में उच्चस्तर की प्रशासनिक क्षमता, सस्ता एवं कुशल कामगार वर्ग तथा प्रतिस्पर्धात्मक उद्योग नीति सफल रही है। जहाँ की प्राकृतिक संपदाओं के




**मानचित्र-22 : ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप : प्रमुख खनिज एवं औद्योगिक नगर**

दोहन से यहाँ के उद्यमी-निवासियों का जीवन स्तर दिनों-दिन ऊँचा उठता रहा है। यहाँ के शासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशिक्षण एवं यातायात के साथ-साथ अन्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

यहाँ के प्रमुख उद्योगों में लोहा-इस्पात, कृषि मशीनें, मोटर गाडियाँ, विद्युत का सामान, रसायन, कागज, जलयान, मशीनी उपकरण और तेलशोधन के कारखाने प्रमुख हैं। इनके अतिरिक्त सूती तथा ऊनी वस्त्र, मक्खन, पनीर, दूध पावडर, मांस और फलों को डिब्बे में बन्द करने के कारखाने हैं। यहाँ के अधिकांश उद्योग ऑस्ट्रेलिया के न्यूसाऊथवेल्स और विक्टोरिया राज्यों तथा न्यूजीलैण्ड में स्थित हैं। सिडनी, मेलबोर्न तथा एडिलेड मुख्य औद्योगिक नगर हैं। वेलिंगटन न्यूजीलैण्ड की राजधानी और प्रमुख औद्योगिक नगर तथा बन्दरगाह है।

- **आस्ट्रेलिया महाद्वीप लौह अयस्क, मैंगनीज तथा बाक्साइड का बड़ा उत्पादक देश है।**
- **पश्चिमी आस्ट्रेलिया में संसार की प्रसिद्ध सोने की खदानें कालगूर्ली व कुलगार्डी हैं।**
- **बाक्साइड से एल्युमीनियम बनाया जाता है।**

- **आस्ट्रेलिया महाद्वीप में कोयला, खनिज तेल तथा प्राकृतिक गैस के भण्डार पाये जाते हैं।**
- **आस्ट्रेलिया महाद्वीप के अधिकांश उद्योग न्यूसाऊथवेल्स तथा विक्टोरिया राज्यों में हैं।**
- **'ओपल' दूधिया रंग की धातु का उपयोग चूड़ियाँ व अंगूठियाँ बनाने में होता है।**

## यातायात

आस्ट्रेलिया महाद्वीप में जलमार्ग, थलमार्ग एवं वायुमार्ग का विकास बड़े पैमाने पर हुआ है। अधिकांश राज्यों की राजधानियाँ समुद्र तट पर स्थित हैं, इस कारण ये अच्छे बन्दरगाह भी हैं। आस्ट्रेलिया महाद्वीप में रेलमार्ग का विकास खनिज निकालने के कारण हुआ है। खनिज पदार्थ निकालने वाले स्थानों को रेलमार्ग द्वारा बड़े-बड़े नगरों से जोड़ा गया है। इस महाद्वीप का सबसे बड़ा रेलमार्ग 'ट्रांस आस्ट्रेलियन रेलवे' है जो पश्चिम में स्थित पर्थ से पूर्व में स्थित सिडनी नगर को जोड़ता है। इसकी कुल लम्बाई लगभग 4000 कि.मी. है। आस्ट्रेलिया महाद्वीप के मुख्य नगर सड़क मार्ग द्वारा राज्यों की राजधानियों से जुड़े हुए हैं। यहाँ की प्रमुख सड़कों को 'कामनवेल्थ महामार्ग ' कहते हैं। आस्ट्रेलिया लम्बी-लम्बी दूरियों का महाद्वीप है। सुदूरवर्ती भेड़पालन केंद्रों, कृषि बस्तियों और छितरे नगर बस्तियों में पहुँचने के लिये वायु-परिवहन का अत्यधिक उपयोग होता है। यहाँ पर वायुयानों का चिकित्सायान (एंबुलैंस) के रूप में उपयोग होता है। यात्रियों तथा सामान ढोने के लिए वायु परिवहन का अपना विशेष महत्व है। आस्ट्रेलिया महाद्वीप संसार के प्रमुख देशों से वायु परिवहन द्वारा जुड़ा हुआ है। न्यूजीलैंड की राजधानी व प्रमुख औद्योगिक नगर वेलिंगटन भी जलमार्ग व वायुमार्ग से विश्व के देशों से तथा रेलमार्ग से आंतरिक नगरों से जुड़ा है।

## जनसंख्या

आस्ट्रेलिया महाद्वीप संसार का सबसे विरल जनसंख्या वाला देश है। यहाँ जनसंख्या का औसत घनत्व 3 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। आस्ट्रेलिया में सघन जनसंख्या दक्षिणी-पूर्वी, दक्षिणी-पश्चिमी एवं पूर्वी तटीय प्रदेशों में है। यहाँ के मूल निवासी 'अबोरिजिनल' कहलाते हैं, जबकि न्यूजीलैण्ड के मूल निवासी ' मावरी' कहलाते हैं। ये लोग शिकार हेतु ' बूमरैंग' औजार का उपयोग करते हैं। यह औजार जिस पर फेंका जाता है, उसे चोट पहुँचाते हुए फेंकने वाले के पास पुनः लौट आता है। यहाँ के मूल निवासी मध्य आस्ट्रेलिया में स्थित ' लाल रंग की चट्टान समूह' जिसे 'युलुरू' कहा जाता है, को बहुत पवित्र मानते हुए उसकी पूजा करते हैं। आस्ट्रेलिया में अनेक प्रजाति और संस्कृति के लोग रहते हैं जिन्हें 'आस्ट्रेलियन' कहते हैं।

## प्रमुख नगर एवं बन्दरगाह

आस्ट्रेलिया महाद्वीप के प्रमुख नगर सिडनी, मेलबोर्न, पर्थ, एडिलेड, ब्रिस्बेन, केनबरा, होबार्ट, वेलिंगटन आदि हैं। सिडनी, आस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा नगर और प्रथम श्रेणी का बन्दरगाह है। केनबरा ऑस्ट्रेलिया की राजधानी है।

- **आस्ट्रेलिया महाद्वीप का सबसे बड़ा रेलमार्ग 'ट्रांस आस्ट्रेलियन' रेलमार्ग है।**
- **यहाँ के प्रमुख सड़कों को 'कामन वेल्थ महामार्ग' कहते हैं।**
- **आस्ट्रेलिया संसार का सबसे विरल जनसंख्या वाला महाद्वीप है।**
- **यहाँ के मूल निवासी 'अबोरिजिनल' कहलाते हैं।**
- **शिकार करने हेतु 'बूमरैंग' औजार का प्रयोग करते हैं।**
- **यहाँ के मूल निवासियों का पूजा स्थल 'लाल रंग की चट्टान समूह' है, जिसे युलुरू कहते हैं।**
- **सिडनी आस्ट्रेलिया महाद्वीप का सबसे बड़ा नगर और प्रथम श्रेणी का बंदरगाह है।**
- **यहाँ से निर्यात होने वाली वस्तुओं में ऊन, गेहूँ, माँस, खनिज एवं दुग्ध पदार्थ हैं।**

## अभ्यास प्रश्न

### निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए –

1. एल्युमिनियम किस धातु से बनाया जाता है –

   क. ताँबा    ख. बाक्साइड    ग. अभ्रक    घ. टिन

2. न्यूजीलैण्ड के मूल निवासी हैं –

   क. मावरी    ख. अबोरिजिनल    ग. एस्किमो    घ. इनमें से कोई नहीं

3. आस्ट्रेलिया की राजधानी है।

   क. सिडनी    ख. केनबरा    ग. पर्थ    घ. वेलिंगटन

### रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. आस्ट्रेलिया महाद्वीप की मुख्य फसल .................... है।
2. आस्ट्रेलिया महाद्वीप में अच्छे किस्म की ऊन ............. जाति की भेड़ों से प्राप्त होती है।
3. आस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के पूजास्थल को .................... कहते हैं।
4. आस्ट्रेलिया के .................... प्रतिशत भू-भाग पर खेती होती है।

### अति लघुउत्तरीय प्रश्न–

1. आस्ट्रेलिया महाद्वीप के सबसे बड़े रेलमार्ग का नाम लिखिए।
2. आस्ट्रेलिया में सोने की प्रसिद्ध खदानों के नाम लिखिए।
3. आस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्व में कौन सा द्वीप है?
4. आस्ट्रेलिया में भेड़पालन केन्द्र पर कार्य करने वाले मजदूरों को क्या कहते हैं?

### लघु उत्तरीय प्रश्न–

1. आस्ट्रेलिया महाद्वीप में अंगूर की खेती कहाँ व क्यों होती है?

2. आस्ट्रेलिया महाद्वीप में गेहूँ की फसल के लिये कौन-कौन सी अनुकूल भौगोलिक दशाएँ हैं?
3. आस्ट्रेलिया में कौन-कौन से प्रमुख खनिज पदार्थ पाये जाते हैं? उनके उत्पादन क्षेत्र भी लिखिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न–**

1. आस्ट्रेलिया महाद्वीप में भेड़पालन उद्योग क्यों उन्नत है?
2. आस्ट्रेलिया में सघन जनसंख्या कहाँ पाई जाती है और क्यों?
3. आस्ट्रेलिया महाद्वीप के कोई दो प्रमुख उद्योगों का वर्णन कीजिये।

**मानचित्र कौशल–**

ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के रेखा मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए :-

1. कोई एक गेहूँ उत्पादक क्षेत्र।
2. कालगूर्ली, कुलगार्डी सोने की खदानें।
3. न्यूजीलैंड, तस्मानिया द्वीप।
4. भेड़पालन का एक राज्य।
5. सिडनी, मेलबोर्न, बिस्बेन नगर।
6. ट्रांस आस्ट्रेलियन रेलमार्ग प्रथम एवं अंतिम स्टेशन सहित।

